## संक्षिप्त

### घनश्याम तिवाड़ी आज चौमूं में

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी 9 जून को सायं 6 बजे चौमूं पहुंचेंगे। विधानसभा क्षेत्र चौमूं भाजपा नगर एवं देहात के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में सांसद घनश्याम तिवाड़ी का स्वागत मोरीजा रोड स्थित ख़ुशबू होटल चौमूं में शाम 6 बजे किया जाएगा। इसके पश्चात में 13 जून को जयपुर में होने वाली भ्रष्टाचार रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

### योगाभ्यास शिविर 15 से

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल में सात दिवसीय निशुल्क योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया जाएगा। विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी ताइक्वांडो क्लब की ओर से 15 से 21 जून तक नि:शुल्क योगासन एवं प्राणायाम शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब के संचालक योग गुरु हरिओम सैनी ने बताया कि सेठ गोपालदास मैमोरियल स्कूल में शिविर आयोजित होगा।

# ई.आर.सी.पी. परियोजना में छूटे जल स्त्रोतों को जोड़ने की मांग



ई.आर.सी.पी. को लेकर चलाये जा रहे जन जागरण कार्यक्रम के दौरान मंडावरी में नुक्कड़ सभा की।

**मंडावरी, (निसं)।** ईआरसीपी परियोजना में छूटे हुए बांध जल स्त्रोत आदि को जोड़ने की मांग को लेकर चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के दौरान आयोजित की गई नुक्कड़ सभा एवं जन जागरण रैली के दौरान किसान इस परियोजना में पूर्वी राजस्थान के जल स्त्रोतों आदि को जोड़ने की मांग पर जमकर गरजे।

गुरुवार को संयुक्त मोर्चा बैनर तले

■ दस जून को आयोजित महारैली में पहुंचने का निमंत्रण दिया

ईआरसीपी पर जनजागरण रैली व नुक्कड़ सभाओं का शुभारंभ खुर्रा माता मंदिर परिसर से शुरू होकर महारिया दौसाड़ा बगड़ी बिलौना कलां से पक्काधोरा होती हुई मंडावरी पहुंचा। जिसके दौरान लोगों ने हिस्सा लिया एवं दस जून को लालसोट में ईआरसीपी पर होने वाली महारैली में हज़ारों की संख्या में पहुंचने का आव्हान किया गया। वहीं दूसरी ओर इन नुक्कड़ सभाओं व रैलियों में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख समाजसेवी राजेश्वरी देवी मीणा खुर्रा ने कहा कि अगर पूर्वी राजस्थान के छूटे हुए क्षेत्र के प्रमुख जल स्त्रोतों को जोड़ा नहीं गया तो यह ईस्टर्न कैनाल परियोजना इआरसीपी क्षेत्र के किसानों के लिए किसी प्रकार से काम की नहीं होगी। क्षेत्र के मोरेल बिनोरी मोरासागर आदि बांधों को इस परियोजना में शामिल नहीं कर किसानों के साथ कुठाराघात हो रहा है। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष जवान सिंह मोहचा समाजसेवी राजेश्वरी खुर्रा पवन भजाक भरत मीणा सतीश मीणा अशोक रामपुरा एडवोकेट दिगम्बर राजेश बच्चन सिंह नवल कमलेश लोटन विमल गोठवाल रामावतार जोरवाल सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मेरा बूथ-मेरा सम्मान कार्यक्रम जारी

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** विधायक रामलाल शर्मा द्वारा क्षेत्र में मेरा बूथ-मेरा सम्मान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत आलीसर के बूथों पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के आने के बाद अपराधी अपराधों को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं आज अपराधियों के मन मस्तिष्क में सरकार और पुलिस का कोई खोफ या डर नहीं है। उन्होंने 20 जून को बस स्टैंड चौमूं पर कांग्रेस सरकार के ख़िलाफ़ आयोजित होने वाली जन आक्रोश सभा में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं के पहुचने का आव्हान किया। मेरा बूथ- मेरा सम्मान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत आलीसर के बूथ संख्या 75, 78, 76, 77, 74, 57, 58 पर बूथ मीटिंग का आयोजन कर कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दोरान भाजपा देहात मण्डल कालाडेरा अध्यक्ष बनवारी शर्मा, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, आत्माराम सेन, बूथ अध्यक्ष मोहन सिंह नारुका, सुरेन्द्र सिंह, ओम सिंह, कालूराम शर्मा, बनवारीलाल शर्मा, बंशीधर शर्मा, ओम सिंह शेखावत, दीपक मीणा, कैलास कुमावत, नरेन्द्र निठारवाल का सम्मान किया गया।

## सार-समाचार

### आश्रितों को आर्थिक सहायता दी



**दौसा, (निसं)।** सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की मौत के बाद मृतक आश्रित परिजनों को घर पहुंच कर 61 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान कर सामाजिक सरोकार निभाया गया। गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र दौसा के लालसोट उप केंद्र के स्वयं सेवक राम किशोर सैनी सदस्य संख्या 318 की रोड एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल होने पर 28 मई 2023 को निधन होने पर गृह रक्षा दौसा के सभी जवानों ने इकसठ हज़ार एक सौ एक 61 हजार रुपए की राशि एकत्रित कर मृतक स्वयंसेवक के आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता हेतु प्रदान कर परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की । इस मौके पर गृह रक्षा दौसा के डिप्टी कमांडेंट अमन रुस्तगी प्लाटून कमांडर रोशनलाल राजस्थान गृह रक्षा समन्वय समिति के अध्यक्ष आनंद टोकसिया सचिव रामअवतार मीणा एवं अरविंद मीणा मानद प्लाटून कमांडर श्री गिरिराज प्रसाद शर्मा एवं लालसोट उप केंद्र के समस्त जवान उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं का सम्मान किया



**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** कस्बे में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा 2023 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 8 छात्र छात्राओं का विद्यालय परिवार, विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विकास शर्मा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम कालाडेरा परिक्षेत्र में शत प्रतिशत रहने के साथ सर्वोत्कृष्ट भी रहा है। कक्षा दसवीं में प्रविष्ट 22 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 06 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं । इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य हनुमान सहाय कुमावत, जीवनराम जी कुमावत, श्रीकृष्ण कुमावत, मांगीलाल कुमावत सहीत विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### ओ.एस.डी. ने निरीक्षण किया



**किशनगढ़ बास, (निसं)।** उपखंड के गांव झिरडिया में लगे राहत कैंप का नवगठित जिला खैरथल के विशेष अधिकारी ओम प्रकाश बैरवा ने निरीक्षण कर मौजूद विभागों के अधिकारियों को और सरकार की ओर से दी जा रही राहत को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए राहत प्रदान की। निरीक्षण के लिए कैंप में पहुंचे नवगठित जिला खैरथल के विशेष अधिकारी ओम प्रकाश बैरवा ने एसडीएम गंगाधर मीणा के साथ कैंप का अवलोकन कर ग्रामीणों को प्रदान की जा रही योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बात की और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए लोगों को राहत प्रदान करने के लिए कहा।

### शतरंज प्रतियोगिता कल से

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** सीकर जिला शतरंज संघ के सचिव एडवोकेट गिरीराज शर्मा के अनुसार पंडित जय नारायण शर्मा की स्मृति में तीन दिवसीय जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जून तक पटवारी धर्मशाला भवन श्रीमाधोपुर में किया जाएगा। जिला शतरंज संघ के उप कोषाध्यक्ष त्रिलोक नांगल काजोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पंडित जय नारायण शर्मा स्मृति कप व 51 सौ, 31 सौ,21 सौ, 11 सौ रुपए के नगद पुरस्कार व प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के अंडर 7, अंडर 9 ,अंडर 11 ,अंडर 13, अंडर 15 व अंडर 19 के खिलाड़ियों व बालिका /महिला ,वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में 4 व अन्य आयु वर्ग में चार व अन्य आयु वर्ग में दो-दो खिलाड़ियों का चयन राजस्थान राज्य शतरंज प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन संघ के कोषाध्यक्ष दीपक राव या संघ के उप कोषाध्यक्ष त्रिलोक नांगलका जोशी से संपर्क करें।

### ए.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल गुरुवार को बीजेपी के नेताओं के साथ मिनी सचिवालय पहुंचे। वहां एडीएम नवीन यादव को ज्ञापन देकर अपनी बात रखी कि अलवर शहर की आबादी 6 लाख से अधिक है, नगर निगम के लिए 5 लाख की आबादी की जरूरत है तो दूर के गांवों को जोड़ने का कोई मतलब नहीं है। जरूरत है तो आसपास की कॉलोनी व गांवों को जोडा जाए। नजदीक के गांव व कॉलोनियों की बजाय निगम में दूर के गांवों को जोडने से जाहिर है कि कांग्रेस वोट की खातिर ऐसा करने लगी है। जिससे गांव के लोगों को फायदे की जगह नुकसान होगा। इस पर अधिकारी विचार करें और सही निर्णय करें। असल में सरकार ने अलवर नगर परिषद को नगर निगम बनाया है। इस कारण दायरा बढाने की तैयारी चल रही है। पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल के साथ पूर्व पार्षद राजेश तिवाडी सहित कई पूर्व पार्षद व अन्य नेता थे।

# प्रशासन गांवों के संग शिविर में 3571 लोग लाभान्वित



ग्राम पंचायत कोटडी सीमारला में शिविर आयोजित।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में कुल 14 स्थानों पर स्थाई महंगाई राहत एवं ग्राम पंचायत कोटडी सीमारला व सिहोड़ी में प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया गया।

14 स्थानों पर लगे स्थाई महंगाई राहत कैम्पों में राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन किये। इस दौरान उपखण्ड श्रीमाधोपुर में राज्य सरकार की 10 योजनाओं के अन्तर्गत कुल 3876 रजिस्ट्रेशन किए गये। उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत कोटडी सीमारला में लगे दूसरे दिन शिविर में कौशल्या देवी के तीन बच्चों को पालनहार योजना में जोड़ा गया साथ ही कौशल्या देवी को भी विधवा पेंशन स्वीकृत की गई।

इस प्रकार परिवार को सालाना 66हजार की आर्थिक सहायता राज्य सरकार की तरफ से प्राप्त होगी। इसी शिविर में 75 वर्षीय शिवराम भावरिया को 53 वर्ष बाद उसकी दादी गोरा देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर दिया गया। कोटडी सीमारला व सिहोड़ी में लगे शिविर में दूसरे दिन आमजन को राहत पहुंचाने वाले अनेक कार्य किये गये। 3571 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। इस प्रकार शिविर में प्राप्त समस्त परिवादो का मौके पर ही निस्तारण कर कैम्प के माध्यम से कुल 3571 लोगों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त उपखण्ड श्रीमाधोपुर में नगरपालिका श्रीमाधोपुर एवं नगरपालिका अजीतगढ़ में भी प्रशासन शहरों के संग अभियान का आयोजन किया जाकर आमजन को राहत प्रदान की गई।

इसी क्रम में 9 जून को ग्राम पंचायत नांगल- आसपुरा में प्रशासन गांवों के संग अभियान एवं नगर पालिका श्रीमाधोपुर अजीतगढ़ में प्रशासन शहरों के संग अभियान का आयोजन किया जाएगा।

## विद्यार्थियों का सम्मान किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद कस्बे की प्रेरणा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने पर संस्था प्रधान तथा स्कूल के स्टाफ ने विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। संस्था प्रधान बजरंग लाल कुमावत ने बताया कि कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा जिसमें विद्यालय की छात्रा तनीषा कुमावत पुत्री कैलाश चंद ने 93.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सुनील गोदारा पुत्र सुरेश कुमार ने 92 .67 तथा यश सैनी पुत्र सुरेश कुमार ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 3 विद्यार्थियों का संस्था प्रधान तथा विद्यालय स्टाफ के द्वारा माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मान किया। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2023 का श्रेष्ठ प्रणाम रहने पर संस्था प्रधान ने सभी विद्यार्थियों, स्कूल स्टाफ तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सड़क की मांग, विधायक से मिले लोग

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष संदीप अग्रवाल के साथ शारदा कॉलोनी के लोग सड़क की मांग को लेकर विधायक दीपचंद खेरिया से मिले। विधायक ने शहर अध्यक्ष के साथ पहुंचे लोगों को जल्द ही सड़क बनवाने का भरोसा देते हुए नगर पालिका ईओ को मौका देखने के लिए कहा।

विधायक दीपचंद खेरिया के निजी सहायक सुनील कांत गोल्डी ने बताया कि सड़क की मांग को लेकर मिले शारदा कॉलोनी वासियों के मिलने के उपरांत विधायक दीपचंद खैरिया ने शहर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल के साथ सड़क का मौका देखा।

मौके पर विधायक ने सड़क की स्थिति को देख नगरपालिका अभियंता रोहताश मीणा को शीघ्र तकमीना तैयार कर सड़क बनाने के लिए कहा। इस मौके पर शहर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल पूर्व पार्षद संतोष सिंघल गोविंद राम गर्ग सरपंच प्रकाश चंद राजेश अग्रवाल सोनू मित्तल योगेश सिंघल मधु गुप्ता लक्ष्मी देवी सहित दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल जिला विशेषाधिकारी डॉ. ओमप्रकाश बैरवा द्वारा शुक्रवार को सुबह 11 बजे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। उनके आदेश पर सहायक द्वारा प्रेषित निर्देश में कहा है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवघोषित जिला खैरथल में जिला स्तरीय कार्यालयों के सुचारू संचालन की समीक्षा हेतु विशेषाधिकारी, खैरथल की अध्यक्षता में 11 बजे सभागार, कृषि उपज मण्डी समिति, खैरथल सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। अत: समस्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि संलग्न प्रपत्र में सूचना तैयार कर बैठक से पूर्व ई-मेल पर भिजवाया जाना एवं उक्त निर्धारित तिथि एवं समयानुसार बैठक में स्वयं उपस्थित होना सुनिश्चित करें । उधर राज्य सरकार की ओर से नवघोषित जिला खैरथल में पुलिस विभाग की ओर से विशेषाधिकारी (ओएसडी) पद पर आइपीएस अधिकारी सुरेन्द्र सिंह की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं।

## कांग्रेस राजस्थान प्रभारी से मुलाकात की

**सांभरझील, (निसं)।** जयपुर जिला देहात कांग्रेस के प्रमुख नेता कैलाश शर्मा जयपुर सर्किट हाउस में कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और सह प्रभारी अमृता धवन से मिले और उन्हें राजस्थान में कांग्रेस समृद्ध व सक्षम कैसे हो, इस बारे में तथ्यात्मक इनपुट दिया।

विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के संदर्भ में शर्मा ने चार महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिनमें दलबदल कर आने वालों को टिकट नहीं दिया जाए, क्योंकि ये अविश्वसनीय होते हैं और साथ ही निष्ठावान कांग्रेस साथियों का हक मारते हैं। इसी तरह सेवानिवृत्त पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को निष्ठावान कांग्रेस साथियों के समर्पण की बलि चढ़ाकर टिकट नहीं दिया जाए।

चुनाव में पराजित हो गए थे, उन्हें अब टिकट के लिहाज से विश्राम दिया जाए। उनके स्थान पर इलाके में अधिक स्वीकार्य कांग्रेस साथी को अवसर मिले। टिकट दिए जाने का मुख्य आधार रखा कि व्यक्ति संबंधित विधानसभा क्षेत्र में जन्मा-पढ़ा अवश्य हो, क्योंकि स्थानीय होने के कारण उनकी स्वीकार्यता अधिक होती है।

पैराशूटी या बाहरी व्यक्ति को टिकट देने से बचा जाए। एक अन्य पत्र में शर्मा ने जिला बनाने की घोषणा के संदर्भ में सांभर के साथ हुए अन्याय का जिक्र किया और बताया कि यह मांग सात दशक से लंबित है।

सांभर को न्याय मिले और जिला मुख्यालय भी, इसके लिए तथ्यात्मक इनपुट व आवश्यक दस्तावेज भी दोनों प्रभारियों को उपलब्ध कराएं है।

# मंत्री जूली ने महंगाई राहत शिविरों का निरीक्षण किया

■ राज्य सरकार का यह कदम सरानीय है : जूली

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालेटा, लीली एवं भजीट में पहुंचकर महंगाई राहत कैम्प एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये।

मंत्री जूली ने कहा कि प्रदेश में लगाए जा रहे महंगाई राहत कैम्पों में आमजन का बड़ी संख्या में हूजुम देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इन कैम्पों में मौके पर ही योजनाओं में रजिस्ट्रेशन कर लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को राहत देने के उद्देश्य से उठाया गया यह कदम सरानीय है जिसकी प्रदेश ही नहीं देश भर में सराहना की जा रही है। उन्होने कहा कि महगांई राहत कैम्पों में दस योजनाओं के पंजीयन से जनता को ना केवल आर्थिक संबल बल्कि सामाजिक सुरक्षा भी मिल रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने आमजन के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं रखी है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाऐं पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है जहां मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू की गई वहीं महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के लिए महिलाओं को तीन साल के इन्टरनेट डेटायुक्त निशुल्क स्मार्टफोन देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाए गए महंगाई राहत कैम्पों के साथ-साथ प्रशासन गांवों एवं शहरों के संग अभियान भी संचालित किये जा रहे हैं जिसमें आमजन के मौके पर ही जरूरी कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को ग्राम सेवा सहकारी समिति से अलग होकर कॉपरेटिव सोसायटी शीघ्र ही ग्राम लीली में तथा भजीट में राजकीय विद्यालय में विज्ञान संकाय खुलवाने के लिए आश्वस्त किया।

मंत्री जूली ने महंगाई राहत कैम्प में आए ग्रामीणों से संवाद कर वहां मिल रहे लाभ के संबंध में फीडबैक लिया तथा राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस पर लाभार्थियों ने बताया कि कैम्प में मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिलने पर खुशी महसूस हो रही है इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया है।

मंत्री जूली ने गांव लीली व बालेटा में जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि इन पाठ्य सामग्री से बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए है। उन्होंने कहा कि गरीब तबके के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रदेशभर में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं बालिका शिक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से मेवात आवासीय बालिका विद्यालय खोले गए हैं जिनमें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

## समर कैंप का समापन

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** क्षेत्र की समीपवर्ती ग्राम पंचायत डिडवाना में स्थित स्थानीय विद्यालय सूरज इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित किए गए समर वेकेशन कैंप के समापन समारोह में विभिन्न शिक्षाप्रद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

डीडवाना में 22 मई से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा था जिसका गुरुवार को समापन कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान काफी संख्या में बालक बालिका उपस्थित हुए। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता हुई उनमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

खेल प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, चित्र कला प्रतियोगिता इनमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाले व विजेता टीम को इनाम वितरित की गई साथ ही स्काउट गाइड्स के द्वारा एवं स्थानीय विद्यालय के अध्यापक गणों व अध्यापिकाओं के द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन बनाने में योगदान रहा।

कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ सियाराम शर्मा द्वारा बच्चों की हौसला अफजाई के साथ प्रोत्साहन करने के साथ ही ओजस्वी पूर्ण शब्दों में सभी अध्यापक गणों को सम्मानित किया गया।

# कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष का अभिनंदन समारोह आयोजित



लालसोट में नवनिर्वाचित कांग्रेस यूथ जिलाध्यक्ष का 101 किलो की माला व 51 मीटर का साफा पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया।

■ टीम वर्क और बुजुर्गो के मार्गदर्शन से ही जीत सुनिश्चित होती है : दीपक पटेल

**लालसोट, (निसं)।** घाटा बालाजी मंदिर परिसर में नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक पटेल का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में जिले की सभी विधानसभाओं से सैंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता सहित यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। स्वागत समारोह कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य कमल मीणा ने संबोधित करते हुए कहा की राजनीति में युवाओं की भागीदारी से विकास संभव है। अत: राजनीति में युवा का योगदान आवश्यक है। कार्यक्रम को महुआ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अजय बोहरा, लालसोट नगरपालिका पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से युवाओं ने युवा जिला अध्यक्ष को जीत दिलवाने में मेहनत की है उसी प्रकार आगामी विधानसभा चुनाव में भी युवा सहित आम जनता पुन: बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की सरकार बनवाए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा अध्यक्ष दीपक पटेल ने कहा कि जिले के युवाओं ने मुझे बहुमत के साथ जो जीत का जो ऋण दिया है उस ऋण को मैं चुकाने का भरपूर प्रयास करूंगा। पटेल ने कहा कि युवा साथियों की मेहनत और बुजुर्गों के आशीर्वाद से में युवा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुआ हूं। इस पद के दायित्वों को पूर्ण ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों का राखी कंस्ट्रक्शन कंपनी के बनवारी शर्मा एवम राजेश शर्मा द्वारा साफा बांधकर अभिवादन किया।अतिथियों द्वारा युवा जिला अध्यक्ष का 51 मीटर का साफा और 101 किलो के फूलों का हार पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जिले के गणमान्य एवं युवाओं सहित रामगढ़ उपप्रधान सूरज कटारा यूथ कांग्रेस महवा विधानसभा अध्यक्ष मनीराम समलेटी झांपदा सरपंच प्रीतम सिंह दौलतपुरा सरपंच हनुमान सिंह डिडवाना सरपंच विनोद फुलवारिया अध्यक्ष जीएसएस टोडाठेकला अशोक शर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य बृजमोहन थानेदार अशोक महान कॉलेज के संचालक मुरारी तलेड़ा जमात लालसोट कालूवास सरपंच किशन मीना मुकेश टोडा टेकला महेंद्र निर्झरना शंकर जमात सचिव जिला बास्केटबाल संघ सुनील बैंसला अध्यक्ष जी एस एस डिडवाना कल्याण रुंडावाला सरपंच ग्रामपंचायत बिछा विष्णु शर्मा सरपंच प्रतिनिधि कुशलपुरा बनवारी लाल बैरवा नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद गोयल, देवेंद्र महवा पंचमुखी हनुमान मंदिर महंत शिवदास सहित डिडवाना के सभी गणमान्य जन उपस्थित रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अथोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक-18.03.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह कर्जदारों एवं जमानतियों 1. राजकुमार एण्ड कम्पनी, 2. राजकुमार ताम्बी, 3. मोहन लाल को जारी किया गया था, जिसमें 18.03.2023 की तिथि को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 62,17,608.45/- (रूपये बासठ लाख सतरह हजार छ सौ आठ और पेसा पैंतालीस मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अथोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जून 2023 के 7वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तो के अधीन राशी रूपये 62,17,608.45/- (रूपये बासठ लाख सतरह हजार छ सौ आठ और पेसा पैंतालीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

दुकान नं. 74, क्षेत्रफल 14.89 वर्ग मीटर्स, अर्थात 160.21 वर्ग फिट, नाग तलाई, सूरजपोल अनाज मंडी के सामने, सूरजपोल गेट जयपुर के बाहर, चौकडी हवेली, जयपुर, राजस्थान-302003 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है पूर्व-रोड 30 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं. 5 विक्रेता का मकान, उत्तर-दुकान नं. 73, दक्षिण-पैसेज

दिनांक- 07 जून 2023
स्थान- जयपुर
ऋण खाता सं.- 10034996711 और 10056429349

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)